भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

# प्रैस विज्ञप्ति

**25.10.2025–अखिल भारतीय**

## द वाशिंगटन पोस्ट के लेख का खंडन

वाशिंगटन पोस्ट द्वारा लगाए गए आरोप कि एलआईसी के निवेश निर्णय बाहरी कारकों से प्रभावित होते हैं, झूठे, निराधार और सत्य से कोसों दूर हैं। लेख में उल्लेखित ऐसा कोई दस्तावेज़ या योजना एलआईसी द्वारा कभी तैयार नहीं की गई है, जो अदानी समूह की कंपनियों में एलआईसी द्वारा धन निवेश करने का रोडमैप तैयार करे।

एलआईसी द्वारा निवेश संबंधी निर्णय विस्तृत जाँच-पड़ताल के बाद बोर्ड द्वारा अनुमोदित नीतियों के अनुसार स्वतंत्र रूप से लिए जाते हैं। वित्तीय सेवा विभाग या किसी अन्य निकाय की ऐसे निर्णयों में कोई भूमिका नहीं होती है। एलआईसी ने जाँच-पड़ताल के उच्चतम मानकों का पालन किया है और इसके सभी निवेश निर्णय मौजूदा नीतियों, अधिनियमों के प्रावधानों और नियामक दिशानिर्देशों के अनुपालन करते हुए इसके सभी हितधारकों के सर्वोत्तम हित में लिए गए हैं। लेख में दिए गए ये कथित बयान एलआईसी की सुस्थापित निर्णय प्रक्रिया को नुकसान पहुँचाने और एलआईसी की प्रतिष्ठा और छवि तथा भारत में वित्तीय क्षेत्र की मज़बूत नींव को धूमिल करने के इरादे से दिए गए प्रतीत होते हैं।

दिनांक 25 अक्तूबर 2025, मुंबई

अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें:
कार्यकारी निदेशक (नि.सं.), भारतीय जीवन बीमा निगम, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई.
ईमेल आईडी: ed_cc@licindia.com
www.licindia.in पर जाएं।

---

हमारा मानना है कि इस विज्ञप्ति में शामिल समाचार आपके पाठकों के लिए मूल्यवान हैं। हालाँकि हम आपको इसे जल्द से जल्द प्रकाशित करने के लिए धन्यवाद देना चाहेंगे, लेकिन हम यह भी मानते हैं कि ऐसा करने का निर्णय पूरी तरह से आपका है।